बिहार सरकार
स्वास्थ्य विभाग

कार्यालय आदेश

सं0.....66.(H.S).... पटना, दिनांक..26.02.2013

स्वास्थ्य विभागीय कार्यालय आदेश सं0-301(एच0एस0) दिनांक 05.07.2012 के द्वारा राज्य के सभी चिकित्सा महाविद्यालयों एवं अस्पतलों के कार्यो की सघन समीक्षा करने एवं उसमें अपेक्षित सुधार लाने हेतु धावा दल का गठन किया गया था को अवक्रमित करते हुए निम्नानुसार धावा दल का गठन किया जाता है । धावा दल संबंधित चिकित्सा महाविद्यालयों एवं अस्पतालों का औचक निरीक्षण निम्न बिन्दुओं पर कर प्रतिवेदन अधोहस्ताक्षरी को समर्पित करेगा । साथ ही स्थिति में सुधार लाने हेतु अपना सुझाव भी समर्पित करेंगे :

(i) सभी चिकित्सा महाविद्यालयों एवं अस्पतालों में चालू एवं खराब पड़े उपकरण एवं मशीनों का निरीक्षण करना । खराब पड़े मशीन/उपकरण की मरम्मती हेतु क्या कार्रवाई की गयी तथा उनपर कितना व्यय किया गया । वैसे मशीन/उपकरण जो मरम्मती के लायक नहीं है उनके रद्दीकीरण के संबंध में प्रतिवेदन देना ।

(ii) पैथोलॉजिकल जाँच हेतु केमिकल्स की उपलब्धता एवं Inventory Management की स्थिति ।

(iii) मुफ्त पैथोलोजिकल/रेडियोलॉजिकल जाँच की स्थिति । क्या सरकार के निदेशानुसार मुफ्त जांच की जा रही है ।

(iv) अस्पताल में आवश्यक दवाईयों की उपलब्धता की स्थिति । मरीजों को सभी आवश्यक दवाईयां मुफ्त मिलती है या नहीं ?

(v) ओ0पी0डी0एवं इमरजेंसी में रोगियों की समुचित देख-भाल होती या नहीं एवं इमरजेंसी में पर्याप्त मात्रा में आवश्यक जीवन रक्षक दवाईयाँ रखी जाती या नहीं ।

(vi) अस्पताल में वरीय चिकित्सक अपनी ड्यटी पर समय से आते है या नहीं ? उनके द्वारा वार्ड में नियमित रूप से राउण्ड लिया जाता है या नहीं ? प्रभारियों की चहचान कर प्रतिवेदन दिया जायेगा ।

(vii) नर्सो का व्यवहार रोगियों/परिजनों के साथ कैससा रहता है

(viii) अस्पतालों में साफ-सफाई की व्यवस्था। ट्रौली मैन का कार्य एवं व्यवहार रोगियों एवं डाक्टरों के साथ संतोषप्रद है या नहीं ।

(ix) सरकारी नियमानुसार बेड पर चादर आदि बिछाये जाते है या नहीं तथा वे साफ एवं धुले रहते है या नहीं ।

(x) अस्पस्तालों में मरीजों को उपलब्ध कराये जाने वाले भोजन एवं नास्ते की गुणवता एवं मात्रा की जाँच ।

(xi) चिकित्सा महाविद्यालयों में पठन-पाठन की स्थिति । एम0बी0बी0एस0 एवं पी0जी0 छात्रों की पढाई हेतु Classes की कैसी व्यवस्था है ।

(xii) पुस्तकालय में आधुनिक जर्नलों/पुस्तकों की उपलब्धता ।

(xiii) ट्यूटोरियल क्लास की क्या व्यवस्था है ।

(xiv) छात्रावास की कैसी व्यवस्था है तथा उपलब्ध संसाधन का बेहतर उपयोग हो रहा है या नहीं ।

(xv) चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल में विभिन्न संवगों के कितने पद स्वीकृत है, कितने कार्यरत है तथा कितने रिक्त है उनका ब्योरा प्राप्त करना ।

(xvi) ऑपरेशन थिएटर के उपयोग की स्थिति ।

(xvii) चिकित्सा व्यवस्था एवं पठन-पाठन को उन्नत बनाने हेतु सुझाव ।

(xviii) अस्पतालों में सी0सी0टी0भी0 चालू है अथवा नहीं ? क्या उसका मॉनिटर अधीक्षक के कक्ष में लगा है ? अधीक्षक अस्पताल प्रबंधन में उसकी मदद लेते है ।

(xix) गैस पाईप लाईन ऑपरेशन थियेटर एवं वार्डो में कार्यरत है अथवा नहीं ?

2- धावा दल द्वारा चिकित्सा महाविद्यालय में पढ़ रहे एम0बी0बी0एस0 एवं पी0जी0 छात्रों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को सुना जायेगा तथा उन्हें दूर करने के संबंध में अपनपा सुझाव दिया जायेगा । साथ ही धावा दल द्वारा चिकित्सा महावि?लय एवं अस्पतालों में पिछले तीन वित्तीय वर्षो में मशीन/उपकरण एवं लधु मरम्मति हेतु दिये गये आवंटन का व्यय प्रतिवेदन/ उपयोगिता प्रमाण पत्र प्राप्त किया जायेगा ।

3- धावा दल निम्नानुसार गठित किया जाता है ।

धावा दल संख्या	क्रम सं0	पदाधिकारियों का नाम	चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल का नाम
1	(क)	क्षेत्रीय उपनिदेशक स्वास्थ्य सेवाएँ, पटना प्रमंडल, पटना ।	पटना चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, पटना
	(ख)	डा0के0के0सिंह, उप निदेशक	
2	(क)	क्षेत्रीय उपनिदेशक स्वास्थ्य सेवाएँ, पटना प्रमंडल, पटना ।	नलंदा चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, पटना
	(ख)	डा0 डी0के0 रमन,रा0स्वा0समिति	
3	(क)	क्षेत्रीय उपनिदेशक स्वास्थ्य सेवाएँ, तिरहुत प्रमंडल, मुजफ्फरपुर ।	श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल, मुजफ्फरपुर
	(ख)	डा0मधुरेन्द्र किशोर, सं0 निदेशक	
4	(क)	क्षेत्रीय उपनिदेशक स्वास्थ्य सेवाएँ, भागलपुर प्रमंडल, भागलपुर ।	जवाहर लाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, भागलपुर
	(ख)	डा0 अंजनी कुमार, राज्य प्रोग्राम पदाधिकारी (अंधापन) ।	
5	(क)	क्षेत्रीय उपनिदेशक स्वास्थ्य सेवाएँ, मगध प्रमंडल, गया ।	अनुग्रह नारायण चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल , गया
	(ख)	डा0 आबिद हुसैन, सं0 निदेशक	
6-	(क)	क्षेत्रीय उपनिदेशक स्वास्थ्य सेवाएँ, दरभंगा प्रमंडल, दरभंगा ।	दरभंगा चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, लहेरियासराय
	(ख)	डा0 अशोक कुमार यादव, उप निदेशक	

4- धावा दल द्वारा प्रत्येक माह में कम से कम एक बार आवंटित चिकित्सा महाविद्यालय अस्पतालों में कॉलेजों का निरीक्षण किया जायेगा । निरीक्षण प्रतिवेदन उठाये गये कमियॉ/खामियॉ के संबंध में संस्थान द्वारा क्या कार्रवाई की गयी इसके संबंध में अगामी निरीक्षण प्रतिवेदन के पूर्व अवश्य देख ले और निरीक्षण प्रतिवेदन में अंकित किया जाय कि पूर्व में दिखाये गये कामियॉ/खामियॉ को अनुपालन कर दिया गया है अथवा नहीं ?

5- अधोहस्ताक्षरी के स्तर पर धावा दल के द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रतिवेदन पर प्रत्येक तिमाही में समीक्षा किया जायेगा ।

6- यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा ।

(व्यास जी)
प्रधान सचिव

पटना, दिनांक 26.02.2013

पत्रांक- 66 (H.S)

प्रतिलिपिः- सभी क्षेत्रीय उपनिदेशक/सभी संबंधित पदाधिकारियों को सूचनार्थ एवं कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

(व्यास जी)
प्रधान सचिव

पटना, दिनांक 26.02.2013

पत्रांक- 66 (H.S)

प्रतिलिपिः- श्री आर0पी0 ओझा, अपर सचिव/श्री संजय कुमार, संयुक्त सचिव / श्री जे0पी0 सिंह, राज्य स्वास्थ्य समिति/श्री सांवर भारती, प्रशासी पदाधिकारी, प0क0 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

(व्यास जी)
प्रधान सचिव

पटना, दिनांक 26.02.2013

पत्रांक- 66 (H.S)

प्रतिलिपिः- माननीय मंत्री, स्वास्थ्य को अवलोकनार्थ प्रेषित ।

(व्यास जी)
प्रधान सचिव